>

Title: Need to provide insurance cover to the youth falling victim to road accidents.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): भारत में दोपहिया तथा चार पहिया वाहनों में दुर्घटनाग्रस्त लोगों का प्रतिशत यदि हम निकालें तो 50 प्रतिशत से अधिक दुर्घटना के शिकार हमारी युवा पीढ़ी कॉलेज में पढ़ रहे नौजवान होते हैं।

इस उम्र के नौजवानों के खून में अत्यधिक जोश होता है और इसी जोश के चलते इस पीढ़ी के युवा तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं और दुर्घटना का शिकार होते हैं।

मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी से अनुरोध है कि कॉलेज में पढ़ने वाले इन जोशीले नौजवानों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए केन्द्र सरकार सरकारी खर्चे से भारत के सभी कॉलेज स्टूडेंटों का दुर्घटना बीमा (इंश्योरेंस) करवाने की पहल करें। मेरी मान्यता है कि यह निर्णय नौजवानों के हित में केन्द्र सरकार का अनुकरणीय कदम होगा।